राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–52/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने जानकी नवमी के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 05 मई, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने माता जानकी के प्राकट्य दिवस 'जानकी नवमी' के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि माँ जानकी भारतीय नारी का आदर्श तथा त्याग, तपस्या, संयम, साधना, धैर्य और प्रेम की प्रतिमूर्ति हैं। उन्होंने जीवन की चुनौतियों, संघर्षों एवं क्लेशों का साहसपूर्वक सामना करते हुए अपने सभी कर्त्तव्यों का पालन पूर्ण समर्पण के साथ किया। उनकी सत्यनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता और पवित्रता हमारे लिए प्रेरक हैं।

उन्होंने कामना की है कि जगत जननी माँ सीता सबके जीवन को सद्गुणों से आलोकित करें तथा सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें।

....